बी.ई.सी.सी.–133

कला स्नातक कार्यक्रम

(BAG)

सत्रीय कार्य
(जुलाई 2020 और जनवरी 2021 सत्र हेतु)

पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.–133

समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत –I

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदानगढ़ी, नई दिल्ली -110 068

बी.ई.सी.सी.–133ः समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत –I

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम दर्शिका में सूचित किया है, इग्नू में मूल्यांकन दो भागों में होता हैः i) सत्रीय कार्य द्वारा सतत मूल्यांकन, और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परीक्षा परिणाम में, सभी सत्रीय कार्यों के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित है, जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक।

आपको 6 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 3 सत्रीय कार्य करने होंगे, और 4 क्रेडिट के पाठ्यक्रम के लिए 2 सत्रीय कार्य करने होंगे। इस सत्रीय कार्य की पुस्तिका में **बी.ई.सी.सी.–133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत –I** नामक कोर पाठ्यक्रम का सत्रीय कार्य सम्मिलित है जो 6 क्रेडिट का पाठ्यक्रम है। इस पुस्तिका में 3 सत्रीय कार्य हैं जिनके कुल 100 अंक हैं, तथा मूल्यांकन में 30 प्रतिशत वेटेज है।

सत्रीय कार्य-I में वर्णनात्मक श्रेणी के प्रश्न हैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर निबंध के समान, प्रस्तावना एवं निष्कर्ष के साथ लिखने होंगे। इनका प्रयोजन विषय से संबंधित आपकी समझ/जानकारी को व्यवस्थित, संगत तथा सुस्पष्ट तरीके से वर्णन करने की योग्यता को जांचना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य श्रेणी के प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के उत्तर के लिए आपको सर्वप्रथम तर्क और स्पष्टीकरण के संदर्भ में विषय का विश्लेषण करना होगा, जिसके उपरान्त प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त तरीके से लिखने होंगे। ये प्रश्न विषय से संबंधित अवधारणाओं व प्रक्रियाओं को स्पष्ट रूप से समझने की क्षमता का परीक्षण करने के लिए हैं।

सत्रीय कार्य-III में संक्षिप्त श्रेणी के प्रश्न हैं। यह प्रश्न अवधारणाओं एवं प्रक्रियाओं की स्पष्ट समझ के बारे में प्रासंगिक/सटीक जानकारी को संक्षेप में याद रखने के कौशल को उत्तम बनाने के लिए है।

सत्रीय कार्य करने से पहले, कार्यक्रम दर्शिका में दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह अनिवार्य है कि आप सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपका उत्तर किसी विशेष श्रेणी के लिए निर्धारित शब्द सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होना चाहिए। याद रखिये कि इन सत्रीय प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा; तथा आप सत्रांत परीक्षा के लिए तैयार हो जाएंगे।

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में उल्लेख किया गया है आप सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के योग्य होने के लिए सारे सत्रीय कार्य निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत जमा करने होंगें। पूरा किया गया सत्रीय कार्य **अपने अध्ययन केंद्र के संचालक** के पास निम्नलिखित समय–सारणी के अनुसार जमा कराएँः

जुलाई 2020 चक्र के विद्यार्थियों के लिएः **30.04.2021**

जनवरी 2021 चक्र के विद्यार्थियों के लिएः **31.10.2021**

जमा कराये गये सत्रीय कार्यों की अध्ययन केन्द्र से रसीद अवश्य प्राप्त करें, तथा उसे संभाल कर रखें। सत्रीय कार्य की एक फोटोकॉपी भी अपने पास रखें।

मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र सत्रीय कार्यों को आपको लौटा देगा। कृपया इस पर विशेष ध्यान दें। मूल्यांकन के पश्चात, अध्ययन केन्द्र को सत्रीय कार्य के अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली को भेजने होते हैं।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य में दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेंः

1) **योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्त्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

2) **संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें।

उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

3) प्रस्तुतीकरण : जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ.साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,

अर्थशास्त्र संकाय

बी.ई.सी.सी.–133 : समष्टि अर्थशास्त्र के सिद्धांत –I

पाठ्यक्रम कोडः– बी.ई.सी.सी.133
सत्रीय कार्य कोडः एएसएसटी/ बीईसीसी–133/2020–21
कुल अंकः100

सत्रीय कार्य – I

निम्न दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। संख्या आधारित प्रश्नों पर शब्द सीमा मान्य नहीं है। $2 \times 20 = 40$

1. (क) 'से' का बाजार नियम' (Say's law of market) क्या हैं? अर्थव्यवस्था के लिए इसका निहितार्थ क्या हैं?

   (ख) पारम्परिक अर्थशास्त्रियों (classical economists) के अनुसार, अर्थव्यवस्था हमेशा पूर्ण रोजगार स्तर पर काम करती है, क्यों और कैसे समझाएँ।

2. (क) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (mpc) को परिभाषित करें।

   (ख) उपभोग करने के लिए सीमांत उपभोग प्रवृत्ति 0 और 1 के बीच क्यों है? mpc > 1 का अर्थ क्या है?

   (ग) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के उच्च मूल्य का निहितार्थ क्या है?

   (घ) क्या आरेख के माध्यम से सीमांत उपभोग प्रवृत्ति की व्याख्या करना संभव है?

सत्रीय कार्य – II

निम्न मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। शब्द सीमा संख्यात्मक प्रश्नों पर मान्य नहीं है। $3 \times 10 = 30$

3. मुद्रा के कार्य क्या हैं? कागजी मुद्रा या फिएट मनी इन सभी कार्यों को कैसे करते हैं?

4. सकल घरेलू उत्पाद के माप की मूल्य वर्धित पद्धति की एक रूपरेखा दें। बताएं, इस पद्धति में दोहरी गणना (double counting) की समस्या का कैसे ध्यान रखा जाता **है**।

5. एक उपयुक्त आरेख बनाएं और बताएं कि आय और व्यय का चक्रीय प्रवाह (circular flow) कैसे काम करता है?

सत्रीय कार्य – III

निम्न लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

$5 \times 6 = 30$

6. मुद्रा गुणक की अवधारणा को समझाइए।

7. यह बताएं, कि अवैध गतिविधियों को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) से बाहर क्यों रखा गया है?

8. तीन क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित दिए गए हैं:

$C = 25 + 0.6Y$, I = 30, G = 25

जहाँ C = खपत, I = निवेश, और G = सरकारी व्यय।
उत्पादन के संतुलन स्तर का पता लगाएं।

9. बताएं, क्यों आयकर को एक स्वचालित स्थिरक (automatic stabiliser) के रूप में माना जाता है?

10. मुद्रा की सट्टा मांग (speculative demand) और तरलता जाल (liquidity trap) की अवधारणा समझाएं।